विधान परिषद की नौ सीटों के लिए छह जुलाई को वोटिंग

पटना. चुनाव आयोग ने बिहार विधान परिषद की विधानसभा कोटे की नौ सीटों के लिए चुनाव कराने की घोषणा कर दी है. सोमवार को चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक 18 से 25 जून तक नामांकन होगा. 26 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी. 29 जून तक नाम वापसी की तिथि है. जरूरत पड़ने पर छह जुलाई को मतदान कराया जायेगा. इसी दिन शाम पांच बजे से वोटों की गिनती होगी और परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे. सभी प्रक्रिया आठ जुलाई तक पूरी कर ली जायेगी. विधानसभा के संख्या बलों के आधार पर

● बाकी पेज 13 पर

विधान परिषद की...

एनडीए को पांच सीटें मिल पायेंगी, जबकि राजद को तीन और कांग्रेस को एक सीट का फायदा होगा. जिन नौ सदस्यों के कार्यकाल खत्म होने से ये सीटें खाली हुई हैं, उनमें जदयू के छह और भाजपा के तीन सदस्य रहे हैं. जदयू के अशोक चौधरी, पीके शाही, सोनेलाल मेहता, प्रो हारूण रशीद, हीरा प्रसाद बिंद व सतीश कुमार और भाजपा के संजय प्रकाश, कृष्ण कुमार सिंह और राधा मोहन शर्मा का कार्यकाल छह मई को समाप्त हो चुका है. नौ सीटों के लिए हो रहे चुनाव में इतने ही दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया तो 29 जून को नाम वापसी के साथ ही सभी को निर्वाचित घोषित कर दिया जायेगा.